राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन तथा हिंदी टाइपिंग पर प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक 27 नवंबर, 2020 को प्रातः 11.00 बजे प्रमंडल कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्री ए.एस. रावत, निदेशक, वन अनुसंधान संस्थान द्वारा की गयी। बैठक में कुलसचिव, वन अनुसंधान संस्थान एवं सभी प्रभाग प्रमुख/प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

बैठक के दौरान प्रभागों/अनुभागों से प्राप्त हिन्दी त्रैमासिक प्रतिवेदनों की समीक्षा की गई तथा संस्थान में राजभाषा हिंदी कार्यान्वयन की प्रगति पर चर्चा हुई।

हिंदी अुनभाग के सौजन्य से दिनांक 23 से 27 नवंबर, 2020 तक आयोजित हिंदी टाइपिंग प्रशिक्षण कार्यशाला का आज समापन दिवस रहा। इस अवसर पर निदेशक महोदय के कर-कमलों से प्रशिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में श्री संजीव खुगशाल, अनुभाग अधिकारी एवं श्री रमेश सिंह, सहायक ने भाग लिया। इस अवसर पर निदेशक महोदय ने प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए उनको अपना ज्यादा से ज्यादा कार्य हिन्दी में करने के लिए प्रोत्साहित किया । निदेशक महोदय जी ने "क" क्षेत्र के कार्यालय के रूप में हमारें उत्तरदायित्वों के बारे में भी जिक्र किया। कुलसचिव महोदया श्रीमती नीलिमा शाह, ने सभी प्रशिक्षार्थियों को कार्यशाला में सिखाए गए हिंदी टाइपिंग का अभ्यास जारी रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) द्वारा किया गया।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक की कुछ झलकियाँ

हिंदी में टाइपिंग विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की कुछ झलकियाँ

पाँच दिवसी
शिक्षण
: 23 से 27
हिन्दी